प्रेषक,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बांदा

सेवा में,

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी
बांदा

पत्रांक : समग्र शिक्षा / नवीन उच्चीकृत–के0जी0बी0वी0 / 20916-22 / 2024–25 दिनांक 10/03/2025

विषय–नवीन उच्चीकृत कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति हेतु मानक एवं शर्तो को जनपद बांदा की वेबसाइट पर अपलोड करने के संबंध में।

महोदय,

जिलाधिकारी महोदय बांदा द्वारा नवीन उच्चीकृत कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्टाफ चयन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित कराने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के कम में उच्चीकृत कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में स्टाफ चयन हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन अधोहस्ताक्षरी द्वारा कराया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रकाशित विज्ञप्ति, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं नियुक्ति हेतु मानक एवं शर्तो को जनपद बांदा की वेबसाइट www.banda.nic.in पर अपलोड करने की कृपा करें।

संलग्नक–उक्तवत्

भवदीय

(अव्यक्त राम तिवारी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बांदा

पृ0सं0 : समग्र शिक्षा / नवीन उच्चीकृत–के0जी0बी0वी0 / / 2024–25 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया बांदा।
3. मुख्य विकास अधिकारी बांदा।
4. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक चित्रकूट मण्डल बांदा।
5. प्राचार्य, डायट बांदा।
6. जिला विद्यालय निरीक्षक, बांदा।
7. कार्यालय गार्ड फाइल।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बांदा

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,बांदा
## (जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा)

Emall- bsa.banda@gmail.com

पत्रांकः समग्र शिक्षा/नवीन उचीकृत–के0जी0बी0वी0/ 20902-10 / 2024–25 दिनांक 18/03/2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

जनपद बांदा के नवीन उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय विकास खण्ड महुआ एवं कमासिन में स्टाफ चयन हेतु विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या I/570148/2024 File No. 68–5009/ 23/ 2024–5() दिनांक 28.05.2024 एवं संशोधित शासनादेश संख्या I/775757/ 2024 File No. 68–5099–23/ 2024–अनुभाग–5 (बेसिक शिक्षा) 21.10.2024 तथा राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांकः के0जी0बी0वी0/1837/2024–25 दिनांक 30.05.2024 एवं पत्रांकः के0जी0बी0वी0/7114/2024–25 दिनांक 28.10.2024 के अनुपालन में जिलाधिकारी बांदा के अनुमोदन एवं जनपदीय चयन समिति के निर्णयोपरान्त निर्धारित अर्हताधारी महिला अभ्यर्थियों से 11 माह 29 दिन/शैक्षिक सत्र के लिए संविदा के आधार पर नवीन उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय महुआ एवं कमासिन में कार्य करने हेतु महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय समग्र शिक्षा, सिविल लाइन बांदा 210001 उ0प्र0** के पते पर दिनांक **01.04.2025** के सायं 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि के बाद अथवा साधारण डाक से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। रिक्त पदों तथा उसके सापेक्ष चयन हेतु निर्धारित अर्हता मानक, आरक्षण श्रेणी, शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, प्रति माह देय मानदेय व आवेदन पत्र का प्रारूप इत्यादि का विस्तृत विवरण जनपद बांदा की वेबसाइट www.banda.nic.in पर उपलब्ध है।

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या | आरक्षण श्रेणी | | | | | शैक्षिक अर्हता | वरीयमान अर्हता | नियत मानदेय प्रतिमाह (नियमानुसार ई0पी0एफ0 कटौती की जायेगी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जन जाति | ई0 डब्लू0 एस0 | | | |
| 1 | प्रधानाचार्या | 02 | 02 | – | – | – | | (1) प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी/ अंग्रेजी) अथवा एम0एस0सी0 भौतिक विज्ञान/ रसायन विज्ञान/ जन्तु विज्ञान/ वनस्पति विज्ञान/गणित / कम्प्यूटर साइंस) किसी भी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रुप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या<br>(3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी :प्रतिवन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | प्रशिक्षित | 30000/– |

| सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या | आरक्षण श्रेणी | | | | | शैक्षिक अर्हता | वरीयमान अर्हता | नियत मानदेय प्रतिमाह (नियमानुसार ई0पी0एफ0 कटौती की जायेगी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जन जाति | ई0 डब्लू0 एस0 | | | |
| 2 | पी0जी0टी0 हिन्दी | 02 | 02 | – | – | – | – | हिन्दी मे एम0ए0 तथा संस्कृत के साथ बी0ए0 अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पर्णानन्द विश्वविद्यालय वाराणसी। | प्रशिक्षित | 22000/– |
| 3 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | 02 | 02 | – | – | – | – | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजूकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | प्रशिक्षित | 22000/– |
| 4 | पी0जी0टी0 गणित | 02 | 02 | – | – | – | – | 1– एम0ए0 अथवा एम0एस0सी0 गणित<br>अथवा<br>2– गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी0ए0 (आनर्स) अथवा बी0एस0सी0 (आनर्स) | प्रशिक्षित | 22000/– |
| 5 | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | 02 | 02 | – | – | – | – | 1– वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान मे एम0एस0सी0<br>अथवा<br>2– कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम0एस0सी0 ,बी0एस0सी0 में जन्तु विज्ञान<br>अथवा<br>3– कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम0एस0सी0, बी0एस0सी0 में वनस्पति विज्ञान<br>अथवा<br>4– यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / डिग्री कालेज से एम0एस0सी0 (लाइफ साइंस)<br>अथवा<br>5– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान मे स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0 | प्रशिक्षित | 22000/– |
| 6 | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | 02 | 02 | – | – | – | – | 1– रसायन विज्ञान में एम0एस0सी0<br>अथवा<br>2– रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ ,बी0एस0सी0 में (आनर्स)<br>अथवा<br>3–यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय / डिग्री कालेज से एम0एस0सी0 (बायोकेमिस्ट्री)<br>अथवा<br>4– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0 | प्रशिक्षित | 22000/– |
| 7 | पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान | 02 | 02 | – | – | – | – | 1–एम0एस0सी0 (भौतिक शास्त्र)<br>अथवा<br>2–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0 | प्रशिक्षित | 22000/– |
| 8 | कम्प्यूटर विज्ञान | 02 | 02 | – | – | – | – | 1– एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान)<br>अथवा<br>2– बी0ई0/ बी0टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से | प्रशिक्षित | 22000/– |

| 0 | पद का नाम | पदो की संख्या | आरक्षण श्रेणी | | | | | शैक्षिक अर्हता | वरीयमान अर्हता | नियत मानदेय प्रतिमाह (नियमानुसार ई0पी0एफ0 कटौती की जायेगी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जन जाति | ई0 डब्लू0 एस0 | | | |
| | | | | | | | | अथवा<br>3– एम0सी0ए0 अथवा एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेवल आफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स)<br>अथवा<br>4– स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी0जी0 डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से<br>अथवा<br>5– स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी0एस0सी0 (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग आफ एट लिस्ट 1/3 आफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से)<br>6– स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेविल आफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) | | |
| 9 | लैब असिटेन्ट | 06 | 03 | 01 | 02 | – | – | 1– हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लेबोरेटरी तकनीक मे डिप्लोमा<br>अथवा<br>2– मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग के साथ | – | 7147/– |
| 10 | कार्यालय अधीक्षक/ लिपिक | 02 | 02 | – | – | – | – | 1– माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।<br>अथवा<br>2– माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था / शिक्षा बोर्ड/ परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रुप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो।<br>अथवा<br>कम्प्यूटर संचालन डोएक/ NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण–पत्र<br>अथवा<br>कम्प्यूटर साइंस मे डिप्लोमा / डिग्री<br>अथवा<br>3– कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट | – | 12430/– |
| 11 | चपरासी | 02 | 02 | – | – | – | – | कक्षा–08 उत्तीर्ण, अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। | – | 7147/– |
| 12 | चौकीदार | 02 | 02 | – | – | – | – | कक्षा–08 उत्तीर्ण, अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एव संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिए। | – | 7147/– |
| 13 | रसोइया | 02 | 02 | – | – | – | – | कक्षा–08 उत्तीर्ण, अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एव संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। | – | 6433/– |

चयन हेतु आवश्यक निर्देश–

1- समस्त पदों पर महिला अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।
2- प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता रखती होगी उस विषय की पृथक से शिक्षिका नियुक्त नहीं की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा।
3- प्रधानाचार्या के लिये न्यूनतम आयु चयन वर्ष दिनांक 01 अप्रैल 2024 को न्यूनतम 30 वर्ष अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।
4- शेष पदों पर चयन वर्ष दिनांक 01 अप्रैल 2024 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होगी।
5- कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।
6- आरक्षण राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार देय होगा (अन्य पिछड़ी जाति / अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति के अभ्यर्थी को पिता पक्ष का जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा) ई0डब्लू0एस0 वर्ग के अभ्यर्थियों को वर्ष 2024–25 का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7- रसोइया, सहायक रसाइया, चपरासी एव चौकीदार के पद पर चयन साक्षत्कार के आधार पर किया जायेगा।
8- किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक / चारित्रिक अधमता अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होगें।
9- शिक्षक / शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाणपत्रों का सत्यापन संवन्धित बोर्ड / संस्था से कराया जायेगा। कार्मिको के मूल शैक्षिक अभिलेखों को जिला परियोजना कार्यालय मे सुरक्षित / संरक्षित कराया जायेगा। अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
10- कार्मिकों का मानदेय राज्य परियोजना कार्यलय समग्र शिक्षा द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों के अधीन देय होगा, एवं प्रतिवर्ष कार्य एवं सेवायें संतोषजनक पाये जाने पर अगले शैक्षिक सत्र हेतु जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरांत संविदा का नवीनीकरण किया जायेगा।
11- यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों का गुणवत्ता अंक समान हो तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम , जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।
12- यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों का गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो ऐसे अभ्यर्थियों का नाम , अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा।
13- शिक्षिकाओं के चयन हेतु रिक्तियों का आगणन पदवार / विषयवार / वर्गवार जनपद स्तर पर किया जायेगा। तदनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेगें। अभ्यर्थियोंका चयन करने के लिए पदवार / विषयवार / वर्गवार पृथक–पृथक श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) बनाई जायेगी।
14- अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंको का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा।

| क0सं0 | परीक्षा / उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 20/100 |
| 4 | परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 20/100 |
| 5 | प्रशिक्षण | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 30/100 |

15- रिक्त पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।
16- आवेदन पत्र पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट रुप से अभ्यर्थियों द्वारा को अंकित करना अनिवार्य होगा।
17- चपरासी, चौकीदार एवं रसोइयां का पद पूर्ण कालिक होगा अतएव विद्यालय में ही निवास करना होगा।

18- अपूर्ण / हस्ताक्षर रहित / साधारण डाक से प्राप्त / कटिंग / ओवरराइटिंग / निर्धारित प्रारुप से इतर वांछित प्रमाण पत्र संलग्न न होने आदि की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा।

19- उल्लिखत मानदेय में नियोक्ता का 13 प्रतिशत ई0पी0एफ0 अंशदान (जिन कर्मियों का मानदेय 15000/– की सीमा तक है।) सम्मिलित है।

20- आवेदक आवेदन पत्र के साथ 02 लिफाफे , जिस पर 42–42 रुपये के डाक टिकट लगे हुये हो तथा जिस पर अभ्यर्थी का नाम, पता, मोबाईल नम्बर व पिन कोड स्पष्ट लिखा हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(अव्यक्त राम तिवारी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बांदा

पृ0सं0: समग्र शिक्षा/नवीन उच्चीकृत–के0जी0बी0वी0/ 20902-10 / 2024–25 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखितत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया बांदा।
3. मुख्य विकास अधिकारी बांदा।
4. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शिक्षा, चित्रकूट धाम मण्डल बांदा।
5. प्राचार्य डायट बांदा।
6. जिला विद्यालय निरीक्षक बांदा।
7. सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान बांदा।
8. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी जनपद बांदा।
9. संवाददाता दैनिक समाचार पत्र 1.............................................2......................................3...... ....... को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति को प्रादेशिक संस्करण में न्यूनतम शासकीय दर पर विज्ञापन प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
10. गार्ड फाइल

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बांदा

# जनपद बांदा के उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में चयन हेतु

## आवदेन पत्र का प्रारूप

(आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वंय साफ–साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्म तिथि हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के अनुसार लिखी जाये। अपूर्ण त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगे)

स्व प्रमाणित नवीनतम फोटो अनिवार्यतः चस्पा करें।

1. जनपद का नाम ..........................................................................................
2. आवेदित पद का नाम ......................................विषय का नाम..............................
3. अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में)..........................................................................
4. अभ्यर्थिनी का नाम (अंग्रेजी में) .......................................................................
5. पिता / पति का नाम (हिन्दी में )..........................................................................
6. (क) जन्मतिथि (हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के अनुसार) अंकों में **(DD/MM/YYYY)**.......................
   (ख) जन्मतिथि (शब्दों में) ..............................................................................
7. आयु (दिनांक 01 अप्रैल 2024) वर्ष ........... माह. ......... दिन ...............................
8. वैवाहिक स्थिति.............................................राष्ट्रीयता.........................................
9. जाति / वर्ग (अनारक्षित / अनु0जाति / अनु0जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग / ई0डब्ल्यू0एस0) ...............
   (अनु0जाति / अनु0जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग / ई0डब्ल्यू0एस0 सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति संलग्न करें)..................................................
10. स्थायी पता (निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें) ..........................................................
    ..................................................................................पिन कोड...............
11. पत्र व्यवहार का पता.......................................................................................
    ..................................................................................पिन कोड...............
    दूरभाष / मोबाइल नं0..............................................ई–मेल.......................................
12. आधार नम्बर (संलग्न करें)...................................................................................
13. शैक्षिक योग्यता–

| क्र0सं0 | शैक्षिक योग्यता | संस्था / बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा–8 उत्तीर्ण | | | | | | |
| 2 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 3 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 4 | स्नातक (सभी वर्षो के अंक पत्र संलग्न करें) | | | | | | |
| 5 | परास्नातक (सभी वर्षो के अंक पत्र संलग्न करें) | | | | | | |
| 6 | प्रशिक्षण योग्यता | | | | | | |
| 7 | अन्य योग्यता | | | | | | |

14. कार्यानुभव (सक्षम स्तर द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम | बोर्ड का नाम | पद नाम | कार्यावधि (कब से कब तक) | कुल अनुभव (वर्ष, माह, दिन) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

### घोषणा

मैं..........................................पुत्री / पत्नी.............................................एतदद्वारा घोषणा करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतया सत्य है। इसमें किसी प्रकार का तथ्य गोपन नहीं किया गया है। यदि जांच में कोई तथ्य / संलग्न प्रमाण पत्र फर्जी अथवा कूट रचित प्रकार का पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन स्वतः निरस्त करने तथा वैधानिक कार्यवाही हेतु जनपदीय समिति द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा। मै किसी प्रकार का वाद किसी भी न्यायालय में दाखिल नहीं करूंगी।

**दिनांक**

**स्थान** **अभ्यर्थी हस्ताक्षर एवं नाम**